एक नजर में

राज्य शिक्षक संघ ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

सीहोर. राज्य शिक्षक संघ द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों पर लागू की जा रही टेट परीक्षा के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया .जिला अध्यक्ष विश्वजीत त्यागी ने कहा कि शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा थोपना उचित नहीं है . उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा इस कानून को समाप्त नहीं किया गया तो शिक्षक एवं कर्मचारी संगठन इसके खिलाफ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी . इस अवसर पर यशवंत ठाकुर, संजय सिंह जादौन, जागेश्वर भगत, जय सिंह ठाकुर, हरदयाल आजाद, चंदर सिंह ठाकुर, रमेश पवार, महेंद्र सोलंकी, चंद्रशेखर वर्मा, रितेश राठौर, दिनेश झाला, रमन तिवारी एवं नरेश गौर आदि उपस्थित थे .

किसानों ने डांडिया नृत्य कर किया सीएम का स्वागत

सीहोर. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ग्राम चंदेरी एवं रामखेड़ी के किसानों ने अनोखे अंदाज में डांडिया नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया . मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के औद्योगिक क्षेत्र बढ़ियाखेड़ी में आगमन पर किसानों ने उनके सम्मान में ढोल-नगाड़ों और ढोलक की थाप पर पारंपरिक डांडिया नृत्य किया . ग्रामीण महिलाओं व किसानों ने पारंपरिक लोकगीत और लहंगी गीत गाते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया .

बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक दिवस को मिली मान्यता

सीहोर. विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा 27 नवंबर को बाल विवाह कम उम्र और जबरन विवाह की समाप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किए जाने का स्वागत किया है . संगठन ने इसे बाल विवाह के खिलाफ लंबे समय से अभियान चला रहे नागरिक समाज संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के प्रयासों की वैश्विक मान्यता बताया . शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन के निदेशक राम रघुवंशी ने कहा कि भारत से उठी आवाज अब पूरी दुनिया का संकल्प बन गई है . रघुवंशी ने बताया कि सीहोर जिले में प्रशासन और सरकार के सहयोग से कानूनी हस्तक्षेप के माध्यम से बाल विवाह रुकवाए गए हैं .

पूर्व नपा अध्यक्ष राय ने किया शिक्षक दत्ता का सम्मान

सीहोर. शिक्षक दिवस पर पूर्व नपा अध्यक्ष राय ने बढ़ियाखेड़ी स्थित शासकीय स्कूल में आंखों की रोशनी खोने के बाद भी पूरी निष्ठा से बच्चों का भविष्य संवार रहे शिक्षक गोपाल दत्ता को विशेष रूप से सम्मानित किया . श्री राय ने कहा कि शिक्षक गोपाल दत्ता की जीवन यात्रा हम सभी के लिए एक महान प्रेरणापुंज है, जिन्होंने साबित कर दिया कि परिस्थितियां शरीर को सीमित कर सकती हैं, लेकिन अटूट संकल्प और हौंसले को नहीं . विपरीत परिस्थितियों के आगे घुटने टेकने के बजाय अपनी मेहनत से समाज को नई दिशा देने वाले शिक्षक ही सही मायने में राष्ट्र के सच्चे निर्माता हैं .

विश्वकर्मा मंदिर में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

आष्टा. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व विश्वकर्मा समाज आष्टा द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया . बुधवारा स्थित श्री विश्वकर्मा राधाकृष्ण मंदिर में आयोजित जन्मोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया . भगवान श्री राधाकृष्ण, श्री विश्वकर्मा एवं श्री बलदेव भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया . वहीं लड्डू गोपाल का अभिषेक कर उन्हें पालने में विराजमान कराया गया . इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार सहित नगर के गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण को पालने में झूला झुलाकर दर्शन किए . रात्रि 12 बजे जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, मंदिर परिसर 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की' के जयकारों से गूंज उठा . इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति के साथ भगवान का स्वागत किया . इसके बाद महाआरती हुई और श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई . आयोजन में समाज की कार्यसमिति के सदस्यों, महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे .

दो दिन की झमाझम से छलक उठे जलाशय

जमोनिया तालाब 28 के करीब, भगवानपुरा का जलस्तर 19 फीट, शहर की प्यास की चिंता हुई कम

- सीहोर तहसील में 40 इंच के पार पहुंची बारिश
- जिले में अब तक 797 .6 मिमी औसत बारिश दर्ज

नवभारत न्यूज

सीहोर 5 सितंबर. आखिरकार बादलों ने सीहोर पर जमकर मेहरबानी बरसा दी। गुरुवार रात से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शनिवार सुबह तक चलता रहा. दो दिन की झमाझम ने खाली पड़े जलस्त्रोतों को लबालब कर दिया. शहर की पेयजल व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण जमोनिया जलाशय का जलस्तर 28 फीट के करीब पहुंच गया है, जबकि भगवानपुरा तालाब में 19 फीट पानी जमा हो चुका है. जलाशयों में हुई तेज आवक ने आने वाले दिनों में शहर के पेयजल संकट की चिंता काफी हद तक कम कर दी है.

इस सीजन में अब तक सीहोर तहसील पर बादल सबसे ज्यादा मेहरबान रहे. शुक्रवार सुबह तक करीब डेढ़ इंच बारिश के बाद रात में फिर जोरदार बारिश हुई. शनिवार सुबह तक 53 मिमी पानी और बरसा. इससे सीहोर तहसील में सीजन की कुल बारिश 1017.3 मिमी यानी 40 इंच से अधिक पहुंच गई है. जिले की सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिमी है. शनिवार तक जिले में औसत 797.6 मिमी बारिश दर्ज हुई है, यानी सामान्य औसत की तुलना में अभी भी करीब 350 मिमी बारिश की कमी है. दो दिन की बारिश से खेतों में भी पानी पहुंचा है. बारिश की कमी से चिंतित किसानों को इससे राहत मिली है. नदी-नालों में भी पानी का बहाव बढ़ा है। हालांकि तेज बारिश के कारण कई जगह खेतों और निचले इलाकों में पानी भरने की स्थिति भी बनी.

बारिश से पहले उमस और गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा था. गुरुवार रात मौसम ने अचानक करवट ली और बादल जमकर बरसे. शुक्रवार दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही और रात में फिर तेज बौछारें पड़ीं. शनिवार सुबह तक जारी बारिश ने तापमान नीचे ला दिया. दो दिन की बारिश ने जहां मौसम का मिजाज बदला, वहीं शहर के जलस्त्रोतों में भी नई जान फूंक दी.

सीहोर. दो दिन से सक्रिय हुए बादलों ने झमाझम बरसते हुए शहर की प्यास बुझाने में अहम भूमिका निभाने वाले जमोनिया और भगवानपुरा जलाशय का जलस्तर बढ़ा दिया है .

कई तहसीलों में अभी सामान्य से पीछे बारिश

जिले में बारिश का वितरण असमान रहा है . सीहोर के बाद रेहटी में 887 मिमी, भैरुंदा में 851 मिमी, बुधनी में 794 मिमी, आष्टा में 766 मिमी, इछावर में 739 मिमी, श्यामपुर में 733 .1 मिमी और जावर में सबसे कम 593 मिमी बारिश दर्ज हुई है . यानी एक तरफ सीहोर तहसील सामान्य बारिश के काफी करीब पहुंच गई है, वहीं जावर समेत कई क्षेत्रों में अभी अच्छी बारिश की जरूरत बनी हुई है .

कैचमेंट में बारिश, जलाशयों में तेज आवक

कैचमेंट क्षेत्र में हुई बारिश का असर सीधे जलाशयों पर दिखाई दिया . बारिश का पानी तेजी से जमोनिया और भगवानपुरा तालाब में पहुंचा . कुछ ही घंटों में जलस्तर बढ़ने लगा . जमोनिया का जलस्तर करीब 28 फीट तथा भगवानपुरा का 19 फीट जलस्तर पहुंचने से शहरवासियों के लिए यह बड़ी राहत मानी जा रही है . आगे भी इसी तरह बारिश का दौर जारी रहा तो जलाशयों में और आवक हो सकती है .

जंगल में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

बुधनी. थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर बगवाड़ा नर्मदा पुल के पास एक ढाबे के पीछे जंगल में पेड़ पर युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई. पुल से गुजर रहे लोगों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को पेड़ से नीचे उतारकर कब्जे में लिया. शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मर्चुरी में रखवाया गया है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है. शव की स्थिति को देखते हुए उसके एक-दो दिन पुराना होने का अनुमान लगाया जा रहा है. मौत के वास्तविक समय की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी. फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने के साथ ही शव की शिनाख्त के प्रयास कर रही है. वहीं घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बनाए गए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं.

ग्रामीण युवतियों को दे रहे कौशल प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

सीहोर 5 सितंबर. ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चार जिले में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया.कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, गोपाल इंजीनियर, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम अध्यक्ष रवि मालवीय, राजस्व मंत्री प्रतिनिधि विष्णु वर्मा, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, नपाध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर,

जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नवदी बाई बरेला, एडीएम ब्रजेश सक्सेना, जिला प्रबंधक जयदीप भट्टाचार्य, निदेशक अमित गुप्ता सहित संस्थान के कर्मचारी उपस्थित थे. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न रोजगारपरक कौशल का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा.

जिम्मेदार और कानून का सम्मान करने वाले बनें

- द ऑक्सफोर्ड में हुआ विधिक जागरुकता शिविर
- शिविर में विद्यार्थियों को दी विधिक सहायता की जानकारी

नवभारत न्यूज

सीहोर 5 सितंबर. दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से नालसा जागृति योजना के अंतर्गत सशक्त युवा, सशक्त भारत जागरुकता अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी एवं सचिव स्वप्नश्री सिंह, साकेत जैन, फारूक अहमद सिद्दीकी उपस्थित थे. अतिथियों का विद्यालय के बैंड दल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में स्वप्नश्री सिंह ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों एवं विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी.

साकेत जैन ने विद्यार्थियों को कानून, उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया. फारूक अहमद सिद्दीकी ने नालसा जागृति योजना के उद्देश्यों की जानकारी दी. विद्यालय के चेयरमैन एड. जॉली कुरियन ने कानून की अनभिज्ञता कोई बहाना नहीं है का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार एवं कानून का सम्मान करने वाला नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर चित्रकला, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.

राधा नाम संकीर्तन में उमड़ा जनसैलाब

नवभारत न्यूज

सीहोर 5 सितंबर. कुबेरेश्वर धाम में पांच दिवसीय हरतालिका तीज श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथा वाचक पं.प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को जीवन में अच्छे कर्म करने का संदेश दिया.

वहीं धाम परिसर स्थित श्री मुरली मनोहर मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित राधा नाम संकीर्तन में हजारों श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए.

उन्होंने कहा कि इस सृष्टि में कर्म के विधान से कोई भी अछूता नहीं है. पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान ने भी धरती पर अवतार लिया तो उन्होंने भी मानवीय मर्यादाओं और कर्म के परिणामों का सामना किया. मनुष्य को अपने अच्छे और बुरे कर्मों का फल स्वयं ही भुगतना पड़ता है. इसलिए जीवन में सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए.

पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि कर्म का सिद्धांत अटल है. मनुष्य अपने जीवन में जैसा कर्म करता है, उसे उसी के अनुरूप परिणाम प्राप्त होते हैं. परिस्थितियां कैसी भी हों, व्यक्ति को अपने कर्मों से विमुख नहीं होना चाहिए. भगवान की भक्ति के साथ जीवन में सेवा, सदाचार और अच्छे आचरण को अपनाना भी आवश्यक है.

ईकेवायसी 15 तक कराने के निर्देश

सीहोर. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की री-ईकेवायसी प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है. जिले में अब तक 73.45 प्रतिशत हितग्राहियों की री-ईकेवायसी पूरी हो चुकी है, जबकि शेष हितग्राहियों की प्रक्रिया 15 सितंबर तक पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं.

एक लाख की इनामी मटकी फोड़ने उतरेंगी टीमें

नवभारत न्यूज

सीहोर 5 सितंबर. रविवार को सिद्धपुर का बस स्टैंड भक्ति, आस्था और रोमांच से सराबोर नजर आएगा. शाम 5 बजे यहां प्रादेशिक सनातनी मटकी फोड़ महोत्सव का आयोजन होगा. बस स्टैंड परिसर को ब्रज और वृंदावन की तर्ज पर सजाकर मिनी वृंदावन का स्वरूप दिया जा रहा है.

आयोजन में कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की मौजूदगी श्रद्धालुओं के उत्साह को बढ़ाएगी. वहीं 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान' गीत से देशभर में पहचान बनाने वाले सागर के प्रसिद्ध कलाकार सुनील लोधी विशेष आकर्षण रहेंगे. वे मटकी फोड़ प्रतियोगिता में शामिल टीमों का उत्साहवर्धन करेंगे. महोत्सव में करीब एक दर्जन टीमें हिस्सा लेंगी. भोपाल, बैरसिया, मैना, आमाझिर, रातीबड़, सीहोर सहित विभिन्न क्षेत्रों की टीमें एक लाख रुपए नकद और ट्रॉफी के लिए जोर आजमाइश करेंगी. प्रतियोगिता में पहली बार महिला टीम भी मैदान में उतरेगी, जबकि सीहोर के ग्वालटोली की टीम पहली बार बड़े मंच पर अपनी चुनौती पेश करेगी. आयोजन समिति अध्यक्ष प्रिंस राठौर और मुख्य आयोजक विवेक राठौर के नेतृत्व में तैयारियां अंतिम दौर में है.

अनुशासन व संस्कार की भावना शिक्षित करते शिक्षक

नवभारत न्यूज

शाहगंज 5 सितंबर. शिक्षण संस्थाओं में शनिवार को शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षाविद एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया. नगर की शैक्षणिक संस्था दीप ज्योति विद्या निकेतन में कार्यक्रम आयोजित किया गया.

संस्था के संचालक सुनील गौर ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन का मानना था कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है. उनके जन्मदिन 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाकर देश उनके योगदान और शिक्षकों के प्रति स मान की भावना व्यक्त करता है. प्राचार्य अजय तिवारी ने कहा कि शिक्षक किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, संस्कार, नैतिकता, मेहनत और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं. शिक्षक का प्रभाव कक्षा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और भविष्य को आकार देता है. इस दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला. उन्होंने अपने शिक्षकों को उपहार प्रदान किए.

आवासीय के पहलवानों का स्पर्धा में चयन

सीहोर. आवासीय खेलकूद संस्थान के 17 पहलवानों ने संभागीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान पक्का किया है. राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 11 सितंबर तक सीहोर में किया जाएगा. 17 पहलवान प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्वकरेंगे. इस उपलब्धि पर डीईओ श्रीमती शीलू शर्मा, प्राचार्य आलोक शर्मा, खेल अधिकारी अताउल्लाह खान, मनोज कुमार व्यास, शैलेंद्र चौहान ने पहलवानों को बधाई दी है.

लापरवाही अव्यवस्थाओं से घिरे रहने वाले सिविल अस्पताल में मरीज ही नहीं शवों की भी होती फजीहत

शव सुरक्षित रखने के इंतजाम नहीं, बाहर से मंगाते आइस बॉक्स

नवभारत न्यूज

बुधनी 5 सितंबर. सिविल अस्पताल की व्यवस्थाओं पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं. रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से करीब 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध की मौत के बाद शव को सुरक्षित रखने के लिए अस्पताल की मर्चुरी में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं मिले.

जीआरपी पुलिस को स्वयं आइस बॉक्स और बर्फ का इंतजाम करना पड़ा, तब जाकर शव को सुरक्षित रखा जा सका.

ट्रेन हादसे के बाद जीआरपी पुलिस आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को बुधनी सिविल अस्पताल लेकर पहुंची थी. लेकिन मर्चुरी में शव को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त शीतलन व्यवस्था और आवश्यक संसाधन नहीं होने के कारण पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ा. आखिरकार जीआरपी ने बाहर से आइस बॉक्स और बर्फ की व्यवस्था की और शव को सुरक्षित रखा गया. मर्चुरी में संसाधनों की कमी का यह पहला मामला नहीं है. पूर्व में भी रेल दुर्घटनाओं में हुई मौतों के बाद शवों को सुरक्षित रखने के लिए मर्चुरी में पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ा है. इतना ही नहीं, पहले मर्चुरी का फ्रीजर खराब होने के कारण शवों की स्थिति खराब होने लगी थी. उस समय भी व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठे थे. सिविल अस्पताल की मर्चुरी की बदहाल व्यवस्था को लेकर नवभारत ने पूर्व में भी इस मामले को गंभीरता से प्रकाशित कर जिम्मेदार विभाग और अस्पताल प्रबंधन का ध्यान आकर्षित कराया गया था. इसके बावजूद शवों को सुरक्षित रखने के पर्याप्त संसाधनों का अभाव बना है.